## आईसीसी टी20 रैंकिंगः लोकेश राहुल नंबर-2 पर पहुंचे



**गेंदबाजों में बुमराह और चहल को फायदा**

गेंदबाजों की रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह 26 स्थान के सुधार के साथ 11वें पायदान पर पहुंच गए। युजवेंद्र चहल 10 स्थान ऊपर चढ़कर 30वें पायदान पर पहुंच गए। सीरीज में आठ विकेट लेने वाले शार्दुल ठाकुर ने 34 स्थान का सुधार किया और अब उनकी रैंकिंग 57 है। नवदीप सैनी और रविंद्र जडेजा की रैंकिंग में भी बड़ा सुधार हुआ।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। न्यू जीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारत के सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल सोमवार को जारी आईसीसी टी20 रैंकिंग में दूसरे पायदान पर पहुंच गए। राहुल ने इस सीरीज में विकेटकीपर की भूमिका निभाने के अलावा दो अर्धशतक के साथ 224 रन बनाकर टीम को 5–0 से सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई। राहुल मैन ऑफ द सीरीज भी रहे। उन्होंने सीरीज में ओपनिंग के साथ–साथ विकेटकीपर की भूमिका भी निभाई और बल्ले से भी शानदार प्रदर्शन किया।

पाकिस्तान के बाबर आजम रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि सीमित ओवरों के भारतीय उपकप्तान रोहित शर्मा (10) भी शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहे। कप्तान विराट कोहली 9वें स्थान पर हैं। अन्य भारतीय बल्लेबाजों में श्रेयस अय्यर (63 स्थान के सुधार के साथ 55वें) और मनीष पांडे (12 स्थान के सुधार के साथ 58वें) भी नवीनतम रैंकिंग में सुधार करने में सफल रहे।

# चोटिल रोहित वनडे और टेस्ट सीरीज से हुए बाहर

**क्रिकेट**

## वह पिंडली में चोट की वजह से दोनों सीरीज से बाहर हो गए हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। न्यू जीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से ठीक पहले टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। लिमिटेड ओवर के उपकप्तान रोहित शर्मा वनडे और टेस्ट दोनों सीरीज से बाहर हो गए हैं। उन्हें न्यू जीलैंड के खिलाफ टी–20 इंटरनैशनल सीरीज के 5वें और आखिरी मुकाबले में बैटिंग के दौरान पिंडली में खिंचाव आ गया था, जिसकी वजह से उन्हें चलने में दिक्कत हो रही थी। इसके बाद वह 60 रनों के निजी स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट भी हो गए थे। बीसीसीआई के सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, 'वह दौरे से बाहर हो गए हैं।'

बता दें कि भारत के कार्यवाहक कप्तान रोहित शर्मा रविवार न्यू जीलैंड के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए पिंडली में चोट लगने के कारण क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं उतरे थे। मैच के बाद टीम के उनके साथी लोकेश राहुल ने कहा था कि उन्हें कुछ दिन में ठीक हो जाना चाहिए। रोहित की गैरमौजूदगी में राहुल ने टीम की अगुआई की थी। नियमित कप्तान विराट कोहली को सीरीज के अंतिम मैच में आराम दिया गया था।

तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे रोहित छक्का जड़ने के दौरान बाईं पिंडली में चोट लगने के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए थे। उन्होंने 41 गेंद की अपनी पारी में तीन चौके और तीन छक्के की मदद से 60 रन बनाए थे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज का पहला मैच बुधवार को खेला जाएगा।




### रोहित ने बताया, धोनी क्यों हैं सबसे सफल कप्तान

नई दिल्ली। आक्रामक सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी की दबाव में धैर्य बरकरार रखने की क्षमता ने उन्हें भारत का सबसे सफल कप्तान और युवाओं के लिए आदर्श बनने में मदद की। धोनी की अगुआई में भारत ने 2007 में पहला टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद 2011 में मुंबई में श्रीलंका को फाइनल में हराकर 50 ओवर का आईसीसी वर्ल्ड कप जीता। धोनी की कप्तानी में चेन्नै सुपरकिंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में तीन खिताब जीते। साउथ अफ्रीका में टी20 वर्ल्ड कप के दौरान धोनी की अगुआई में पदार्पण करने वाले रोहित ने अपने पूर्व कप्तान की जमकर तारीफ की।

रोहित ने चैट शो 'कर्ली टेल्स' में कहा, 'पूरे भारत को पता है कि महेंद्र सिंह धोनी इसी तरह के हैं। इसके कारण उन्हें मैदान पर इतने अच्छे फैसले करने में मदद मिलती है।

## 5–0 से जीत काफी बड़ी, टीम को लय के साथ आगे बढ़ना चाहिएः जहीर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने न्यू जीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में भारत की 5–0 की जीत को 'बेहद बड़ी उपलब्धि' करार दिया। जहीर ने कहा कि टीम को बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज में इस लय को बरकरार रखना चाहिए।

भारत ने न्यू जीलैंड के खिलाफ दबदबा बनाते हुए क्लीन स्वीप किया और इस दौरान दो मैच सुपर ओवर में जीते। भारत की जीत के बारे में पूछे जाने पर जहीर ने कहा, 'मैं उम्मीद कर रहा हूं कि चीजें बेहतर होंगी। न्यू जीलैंड को मुश्किल समय का सामना करना पड़ रहा है, वे इस भारतीय टीम को हराने के तरीके ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। मुझे लगता है कि 5–0 से जीत काफी बड़ी उपलब्धि है।'



यह सिर्फ तीसरा मौका है जब भारत ने टी20 में विरोधी टीम का उसी की सरजमीं पर सूपड़ा साफ किया है। भारत ने इससे पहले वेस्ट इंडीज को 2019 और ऑस्ट्रेलिया को 2016 में उसी के मैदान पर 3–0 के समान अंतर से हराया था।

### 'न्यू जीलैंड में जो हुआ उस पर उन्हें बेहद गर्व होना चाहिए'

41 साल के जहीर ने कहा, 'न्यू जीलैंड में जो हुआ उस पर उन्हें बेहद गर्व होना चाहिए। बेशक यह न्यू जीलैंड के लिए मुश्किल सीरीज होने वाली है। भारत को इस लय को बरकरार रखना होगा और पिछली सीरीज में जीत से मिले आत्मविश्वास का इस्तेमाल एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट मैचों में करना होगा।'

## आईसीसी ने धीमी ओवर गति के लिए भारत पर जुर्माना लगाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम पर न्यू जीलैंड के खिलाफ माउंट माउंगानुई में पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगा है। आईसीसी मैच रेफरी के एमिरेट्स एलीट पैनल के क्रिस ब्रॉड ने यह जुर्माना लगाया। भारत ने निर्धारित समय में एक ओवर कम फेंका था।

आईसीसी ने बयान में कहा, 'न्यूनतम ओवर गति से संबंधित खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ से जुड़ी आचार संहिता के नियम 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर उनकी टीम के निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने के लिए 20 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया जाता है।' भारत के कार्यवाहक कप्तान रोहित शर्मा ने अपराध और प्रस्तावित सजा स्वीकार कर ली जिससे औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर क्रिस ब्राउन और शॉन हेग तथा तीसरे अंपायर एश्ले मेहरोत्रा ने यह आरोप लगाए थे। टीम इंडिया ने रविवार को हुआ मुकाबला सात रन से जीतकर पांच मैचों की सीरीज में 5–0 से क्लीन स्वीप किया। भारतीय टीम पर लगातार दूसरे मैच में धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया।

## न्यूज डायरी




### शराब पीने पर पत्रकार ने पूछा सवाल, नोवाक जोकोविच बोले– नहीं पीऊंगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। खिलाड़ी कोई भी हो, लेकिन नशे से दूर रहने की कोशिश करता है। ऐसा ही हाल सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच का भी है। जोकोविच ने रविवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन का पुरुष एकल खिताब जीता। इसके बाद उनसे प्रेस कॉन्फ्रेंस में अटपटा सा सवाल पूछा गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जब एक पत्रकार उनसे यह जानने को बेताब दिखा कि उन्होंने कभी शराब पी है। इस पर 17 ग्रैंडस्लैम खिताबों के बादशाह ने कहा, हां, जरूर लेकिन वह वाइन नहीं थी। मुझे लगता है कि आप जरूर सोच रहे होंगे कि वह क्या रेड वाइन थी, तो वह भी नहीं थी। मैं अक्सर एंटी–ऑक्सीडेंट ड्रिंक पीता हूं जो पानी की कमी नहीं होने देती। उन्होंने कहा, मैंने शराब नहीं पीने वाला। मुझे उसमें कोई आनंद नहीं आता। हां, हो सकता है कि मेरे भाई को आता होगा।

### बेल्जियम के खिलाफ भारत के कप्तान होंगे मनप्रीत, राजकुमार पाल नया चेहरा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनिया की नंबर एक टीम बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग के मुकाबलों में मनप्रीत सिंह भारतीय टीम के कप्तान होंगे जबकि 24 सदस्यीय टीम में एकमात्र नया चेहरा राजकुमार पाल है ।हरमनप्रीत सिंह आठ और नौ फरवरी को भुवनेश्वर में होने वाले मैचों में भारत के उपकप्तान होंगे । राजकुमार पाल ने पिछले सत्र में भारतीय जूनियर टीम के लिये अच्छा प्रदर्शन किया । जूनियर टीम सुल्तान जोहोर कप टूर्नामेंट में उपविजेता रही थी । अनुभवी पी आर श्रीजेश , कृष्ण पाठक, गुरिंदर सिंह, अमित रोहिदास, सुरेंद्र कुमार, जरमनप्रीत सिंह, रूपिंदर पाल सिंह भी टीम में है । मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा ,''इन मैचों का मकसद ओलंपिक चयन के लिये टीम का सही संयोजन तलाशना है और हर खिलाड़ी को अपना दावा पुख्ता करने का मौका देना है ।''

### टॉप पर पहुंचे नोवाक जोकोविच, निशाने पर रोजर फेडरर का रेकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया ओपन का पुरुष एकल खिताब जीतने के साथ ही सर्बिया के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच सोमवार को जारी नवीनतम एटीपी रैंकिंग में रफेल नडाल को पछाड़कर एक बार फिर शीर्ष पर पहुंच गए हैं। साल के पहले ग्रैंड स्लैम के फाइनल में दूसरे वरीय जोकोविच ने 1–2 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी की थी। उन्होंने आस्ट्रिया के पांचवें वरीय डोमीनिक थिएम को पांच सेट चले लगभग चार घंटे के मुकाबले में 6–4, 4–6, 2–6, 6–3, 6–4 से हराया। अपने 17वें ग्रैंड स्लैम खिताब है के साथ जोकोविच रैंकिंग में शीर्ष पर 276वें सप्ताह की शुरुआत करेंगे। नडाल पिछले साल चार नवंबर को जोकोविच को हराकर पहला स्थान हासिल किया था। वह स्विट्जरलैंड के दिग्गज रोजर फेडरर के शीर्ष पर रेकॉर्ड 310 सप्ताह के रेकॉर्ड से ज्यादा पीछे नहीं है।

### 'खेलो इंडिया योजना में संशोधन की तैयारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। वित्त वर्ष 2019–2020 के बाद 'खेलो इंडिया' योजना में संशोधन की तैयारी की जा रही है।युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री किरेन रीजीजू ने राज्यसभा को सोमवार को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'खेलो इंडिया' योजना के थर्ड पार्टी मूल्यांकन के लिए एसईडीईएम की नियुक्ति की गई है।रीजीजू ने बताया कि वर्तमान में 'खेलो इंडिया' स्कीम के तहत 2747 खिलाड़ी लाभान्वित हो रहे है जिनमें से 1335 खिलाड़ियों को आवासीय प्रशिक्षण सुविधाएं मिल रही हैं।युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री के अनुसार, इस स्कीम में प्रस्तावित संशोधन होने से प्रशिक्षु खिलाड़ियों और संबंधित स्पर्धाओं की संख्या बढ़ने की संभावना है। गौरतलब है कि 'खेलो इंडिया' स्कीम अपने वर्तमान स्वरूप में अक्तूबर 2017 में तीन साल की अवधि के लिए 1428.09 करोड़ रुपये के वित्तीय आवंटन के साथ शुरू की गई थी।